**Regarding increase in cervical cancer among women**

**डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले (भन्डारा-गोंदिया) :** सभापति महोदय, मैं भन्डारा संसदीय क्षेत्र व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाइकल कैंसर की बढ़ती चुनौती, बढ़ते मामले और हजारों महिलाओं की मृत्यु की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं ।

पैप स्मीयर जैसे सरल परीक्षणों की अनएबिलिटीज के कारण कैंसर का पता प्रथम चरण में नहीं लग पाता है । मेडिकल स्टाफ को सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग और उपचार के लिए आवश्यक प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है, इससे रोग की पहचान और उपचार में गंभीर देरी हो जाती है ।

मेरा आग्रह है कि जिला अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पीएससी और सीएससी में सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाए । एचपीवी वैक्सीन राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल की जाए ताकि लाखों महिलाएं इस रोग से सुरक्षित हो सकें ।

मेरे क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज वर्ष 2013-14 में मंजूर हुआ था, लेकिन अब तक इसकी कंस्ट्रक्शन पूरी नहीं हुई है । ? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** एक विषय पर एक ही मांग रखी जाती है ।

? (व्यवधान)

**डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले :** भंडारा में महिला रोगणालय कब शुरू होगा? ईएसआई और आरएच अस्पतालों में ईसीजी मशीनों का अभाव है । अगर हैं तो काम नहीं कर रही हैं । स्पेशलिस्ट्स के अभाव में कई लोगों की जान जा रही है । इसका जिम्मेदार कौन है? पेशंट रेफर के लिए वक्त से पहुंच नहीं पाते इसलिए डॉक्टर की सेवा कागज पर ही रह जाती है ।? (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आपकी कई मांगें आ गई हैं ।

? (व्यवधान)

**डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले :** एम्बुलेंस आती है तो सड़कों में खराबी की वजह से पेशंट का रास्ते में ही स्वर्गवास हो जाता है ।? (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** शून्य प्रहर में एक ही विषय लिया जाता है ।

? (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** श्री राम प्रसाद चौधरी ।

? (व्यवधान)

**डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले :** अंडर पास ब्रिज बन रहे हैं, इनकी गुणवत्ता की तरफ कौन ध्यान देगा? रेत तस्करी के कारण रोड्स बेहाल हैं । मोदी जी, कब देश को सुधारेंगे? कब गरीबों की मदद करेंगे? ? (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** श्री राम प्रसाद चौधरी ।